Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

# इटावा एक्सप्रेस

इटावा, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

आर.एन.आई शीर्षक कोड UPMUL00821 / DM Per.No. 1995

वर्ष:1 अंक 04 इटावा 30 जुलाई 2022 दिन शनिवार मूल्य 2/-₹ पृष्ठ 8

## इटावा-अब वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से जोड़ा जायेगा



'इटावा-चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक इटावा जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि, आगामी 07 अगस्त, 21अगस्त व 04 सितंबर को मतदेय स्थलों पर कैंप लगाकर मतदाताओं के 'वोटर लिस्ट से आधार कार्ड को लिंक किया जायेगा जिससे मतदाता दो जगह वोट ना डाल सके बीएलओ द्वारा घर घर भ्रमण भी किया जायेगा। इटावा 26 जुलाई, 2022 - भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में विधान सभा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किये जाने के सम्बन्ध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक



आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट ने बैठक में बताया कि जनपद की 199-विधानसभा जसवन्तनगर, 200-विधानसभा इटावा सदर तथा 201-विधानसभा भरथना के अन्तर्गत कुल 962 मतदान केन्द्र स्थापित है, जिसमें 1444 मतदेय स्थल है। जनपद में कुल 12 लाख 04 हजार 180 मतदाता है, जिसमें से 6 लाख 47 हजार 679 पुरूष मतदाता, 5 लाख 56 हजार 463 महिला मतदाता तथा 38 तृतीय लिंग मतदाता है। उक्त कार्य हेतु 1444 बूथ लेबल अधिकारी नियुक्त है तथा 165 सुपरवाइजर नियुक्त किये गये है। उन्होंने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 01, अगस्त, 2022 से 31 दिसम्बर, 2022 तक जागरूकता एवं आधार नम्बर सम्बन्धित मतदेय स्थल में बूथ लेबल अधिकारी द्वारा जमा किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त दिनांक 07 अगस्त, 2022 दिन रविवार, दिनांक 21 अगस्त, 2022 दिन रविवार एवं दिनांक 04 सितम्बर, 2022 दिन रविवार को विशेष कैम्पों का आयोजन किया जायेगा तथा बूथ लेबल अधिकारी द्वारा दिनांक 01 अगस्त, 2022 से 31 दिसम्बर, 2022 तक घर-घर भ्रमण कर आधार कार्ड संकलन का कार्य किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचक नामावली में विद्यमान मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र किये जाने की कार्यवाही दिनांक 01 अगस्त, 2022 से प्रभावी होगी दिनांक 17 जून, 2022 की अधिसूचना के अनुसार दिनांक 01 अप्रैल, 2023 को उस तिथि के निर्दिष्ट किया गया है, जिस दिन अथवा उससे पूर्व निर्वाचक नामावली में शामिल मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर की सूचना दे सकता है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रयोग में लाये जा रहे प्रारूप-6, 7, 8 एवं 8क फार्म दिनांक 31 जुलाई, 2022 तक ही मान्य है उसके उपरान्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संशोधित नये फार्म ही प्रयोग में लाये जायेगें। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों में विद्यमान मतदाताओं के आधार संख्या जमा करने का उद्देश्य निर्वाचकों की पहचान स्थापित करना और मतदाता सूची में प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण और एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में या एक से अधिक बार एक ही व्यक्ति के नाम के पंजीकरण की पहचान करना। उसी निर्वाचन क्षेत्र में आधार संख्या जमा करना मतदाताओं की ओर से स्वैच्छिक है। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आधार नम्बर एकत्र किये जाने हेतु फार्म-6बी निर्धारित किया गया है जो प्रचुर मात्रा में बूथ लेबल अधिकारी के पास उपलब्ध रहेगा अगर बी0एल0ओ0 के पास फार्म नहीं मिलता है तो उसकी आपूर्ति सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सुपरवाइजर के द्वारा बी0एल0ओ0 को उपलब्ध कराये जायेगें तथा सम्बन्धित फार्मो को भरने में उनकी सहायता बूथ लेबल अधिकारी द्वारा की जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त राजनैतिक दलों से अपेक्षा की है कि जनहित में आधार नम्बर एकत्र किये जाने के कार्यक्रम एवं विशेष कैम्प के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार अपने कार्यकर्ताओं में किया जाय ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी हो सके और वह आधार नम्बर एकत्रीकरण के इस अभियान में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर सकें। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से यह अपेक्षा भी की है कि अपनी-अपनी पार्टी के नियुक्त बी0एल0ए0 (बूथ लेबिल एजेण्ट) को भी सूचित कर दें ताकि वह आधार नम्बर एकत्र किये जाने के कार्यक्रम को अधिक से अधिक मतदाताओं तक जानकारी उपलब्ध करा दें। उन्होंने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया है कि बूथ लेबल अधिकारियों की सूची समस्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दे जिससे बी0एल0ओ0 व बी0एल0ए0 आपस में सम्पर्क स्थापित कर सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं को आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है अगर आधार नम्बर नहीं देतें हैं, तो इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित/हटाया नहीं जायेगा और किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक भी नहीं किया जायेगा। यदि किसी मतदाता के पास आधार नम्बर नहीं है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक/डाकघर द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पास बुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाइसेन्स, पेन कार्ड, एन0पी0आर0 के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/पीएसयू/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आई.डी.कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार विकल्प के तौर पर दे सकता है। बैठक में जिलाधिकारी अवनीश राय, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उदय नरायण सिंह, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव सहित सम्बन्धित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## घर में निकला 4 फिट लंबा विषखापर



विकास कालोनी पक्काबाग स्थित सदर विधायक प्रतिनिधि हरिनारायण वाजपेयी के घर में 4 फिट लंबा विषखापर निकला पर्यावरण एवम वन्यजीव पर कार्य कर रही संस्था सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर स्क न सचिव वन्यजीव विशेषज्ञ सर्प प्रेमी संजीव चौहान ने कड़ी मसक्कत के बाद पकड़ा वन्यजीव विशेषज्ञ सर्प प्रेमी संजीव चौहान ने बताया कि वेरेनस वेन्गालेंसिस छिपकली प्रजाति की है इसके काटने पर बैक्टीरियल इन्फेक्सन हो सकता है। कई सालों बाद 4 फीट की विषखापर का रेस्क्यू किया गया सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा प्रभागीय निदेशक अतुलकांत शुक्ला के निर्देशन में विषखापर को प्राकृतिकवास में छोड़ दिया गया।

## लायन सफारी रोड पर एक व्यक्ति के साथ हुई लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



लूट की मोटरसाइकिल, लूट का मोबाइल समेत एक लुटेरा गिरफ्तार एसएसपी जय प्रकाश सिंह और एसपी सिटी कपिल देव सिंह के निर्देशन में सीओ सिटी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में सिविल लाइन इंस्पेक्टर कामिल कुरैशी की टीम और सर्विलांस टीम, एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना किया गिरफ्तार

## शोक सभा



इटावा दिनांक 27.07.2022 नगर पालिका परिषद इटावा, के लिपिक श्री अवधेश कुमार की माताजी के आकस्मिक निधन पर नगर पालिका परिषद इटावा में कर्मचारी संघ राज्य स्वायत शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश जनपद शाखा नगर पालिका परिषद इटावा के अध्यक्ष राजीव यादव एवम महामंत्री सुनील वर्मा की अध्यक्षता में शोक सभा की गई शोक सभा में दो मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा की ईश्वर से शांति की कामना की गई एवम परिवारजनों को संकट की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की भी ईश्वर से कामना की गई शोक सभा में कर्मचारी नेता अनिल वाजपेई, आनंद शुक्ला, आकाश प्रताप सिंह, मो. अमजद ,अनिल यादव, प्रशान्त गौड, जयन्त शुक्ला, रजनीश राठौर, वीरेन्द्र वर्मा, गोविन्द सिंह हेला, श्रवण वाजपई, रवि गोयल, मु.इरफान, वृजमोहन यादव, निसार अहमद, सतेन्द्र महेश्वरी, शमशाद अहमद, जितेंद्र वाजपेई, नरेंद्र राजपूत,प्रशान्त अर्जुन, देवेन्द्र पाल,मु. सादिक, जयकुमार, विशाल कुमार, शमशाद अहमद, रवि पटेल, नीरज शर्मा, लईक अहमद , संजीव सक्सेना,समर कश्यप, दिलीप यादव, अरविन्द यादव, इमरान अहमद, चंदन गोयल, आशुतोष त्रिपाठी, आनंद यादव, बृजेन्द्र कुशवाह, अमन कश्यप ,नितिन यादव सहित पालिका के सैकड़ों कर्मचारी साथी शामिल हुए।

## बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस कार्यक्रम में बच्चों को किया जागरूक

इटावा। ऊर्जा संरक्षण और बिजली बचाना आज की वैश्विक जिम्मेदारी हो गई है, इसी उद्देश्य को लेकर यूपीनेडा के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद इटावा के बसरेहर ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय चितभवन में बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित लगभग चार सौ बच्चों के मध्य नवीकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा संरक्षण के विषय में जागरूकता उत्पन्न की गयी । ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न उपायों से बिजली बचाने के बारे में स्कूली बच्चों के बीच कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शैलेष कुमार तथा परियोजना अभियन्ता यूपीनेडा इटावा विजय शंकर द्वारा व्याख्यान दिया गया जिसमें बी एल डी सी पंखे, 05स्टार लेवल के पंखे, ऊर्जा एयर कन्डीशनर, इनवर्टर एयर कन्डीशनर, एल ई डी लैम्प, 05स्टार रेफ्रिजरेटर, 05 स्टार रेटेड वाटर हीटर ( गीजर ) 05 स्टार रेटेड टेलीविजन, बिजली के समस्त उपकरणों को रिमोट से बन्द न करके स्विच से सीधे बन्द करने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि 05 स्टार रेटिंग के विद्युत उपकरणों के प्रयोग करने से कम ऊर्जा की खपत होती है, साथ-साथ कार्बन एमीशन भी कम होता है। ऊर्जा दक्ष वाहनों का उपयोग करें। लाल बत्ती पर एक निमट से अधिक रूकने पर गाड़ी बन्द कर दें वाहनों को नियंत्रित एवं नियमित गति पर चलायें, जिससे बार-बार ब्रेक न लगाना पड़े। भोजन पकाते समय प्रेशर कुकर का प्रयोग करें, चावल, दाल आदि को पकाने से पहले पानी में भिगो कर रखे, गर्म भोजन फ्रिज में न रखें, खाद्य पदार्थ को फ्रिज से निकाल कर तुरन्त गैस पर गर्म न करें। खाना उबलने पर आंच धीमी कर दें। भोजन पकाने के लिए वर्तन में सही मात्रा में पानी डालें। ऊर्जा दक्ष घरों का निर्माण करायें। कमरों की दीवारों को सफेद / हल्के रंगों से पेन्ट करना चाहिए छत की वाह्य सतह पर सफेद सिरेमिक पेन्ट की पुताई करने से कमरे का तापमान लगभग 8डिग्री कम हो जाता है। घरों में जहाँ तक सम्भव हो सके सौर ऊर्जा संयंत्रों का उपयोग करें। घरों में सभी विद्युत उपकरणों की अर्थिंग होनी चाहिए, जैसे ऊर्जा बचत के उपायों के सम्बन्ध में सुझाव दिये गये 'इस कार्यक्रम में दिनेश -कुमार शर्मा अवर अभियन्ता यूपीनेडा, खण्ड शिक्षाधिकारी वीरेन्द्र पटेल, प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार यादव, जिला स्काउट मास्टर अच्युत कुमार त्रिपाठी एवं शिक्षकगण आदित्य शुक्ला, श्रीमती आमा पाण्डेय, श्रीमती गीता दुबे, श्रीमती प्रीती त्रिपाठी, श्रीमती उमा सविता , शमामा अन्जुम ने भी उक्त कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण विषयों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये अन्त में बच्चों को बिस्कुट वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम साहब की पुण्यतिथि पर मेधावी छात्र- छात्राओं को प्रतीक चिन्ह सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



शहर के अंजुमन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में इस्लामियां इंटर कालेज के प्रवक्ता अतीक अहमद रहे,विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन, अध्यक्षता हाजी मुईन उद्दीन साहब ने की।


कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी संस्था के प्रवक्ता इकरार अहमद ने किया। मुख्य अतिथि अतीक अहमद प्रवक्ता ने कलाम साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज हमें उनसे प्रेरणा लेते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए कल यही बच्चे देश का भविष्य होंगे। विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र कुमार जैन ने कहा कि कलाम साहब से प्रेरणा लेकर भारत की छवि को विश्व पटल पर नंबर एक पर लाया जा सकता है आप जैसे लोग शताब्दी में एक बार जन्म लेते हैं आप संपूर्ण विश्व के प्रेरणा स्रोत हैं हम सब को उन्ही के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा कि जिन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया है उनको कलाम साहब की एक बात याद रखनी चाहिए। कि पहली सफलता के बाद आराम नहीं करना चाहिए क्योंकि अगर हम दूसरी बार असफल हो गए तो सब यही कहेंगे पहली सफलता भाग्य से मिली थी। संस्था के अध्यक्ष अब्दुल मन्नान राईन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कलाम साहब ने देश की बेहतरी के लिए काम किया हम सब लोगों को कम से कम अपने शहर की बेहतरी के लिए काम करना चाहिए। शेख मो मुस्तकीम,हाजी मुईनुद्दीन, शेख शकील अहमद ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर शाहिद हुसैन, अब्दुल मन्नान राईन, अजहर फरीदी, इकरार अहमद,मुराद अली, नाजिम, मोहम्मद साजिद अल्तमस मेव ,मो अजीम, हसन रजा,गुलाम मोइनुद्दीन, मोहम्मद सुफियान, अलीशा, इशिका, खुशबू आदि लोग उपस्थित रहे।

## तलाश गुमशुदा



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेरा पुत्र चंदन पुत्र संजय बाथम उम्र लगभग 15वर्ष रंग सांवला लम्बाई 5फीट 2इंच काली शर्ट सफेद चेक नीली जींस पैंट काले जूते पहने हैं निवासी शिवनगर जालिम अड्डा थाना सिविल लाइन इटावा जो 11 मई 2022 को घर से बिना बताए कहीं चला गया है उक्त गुमशुदा के संबंध में थाना सिविल लाइन मुकदमा अपराध संख्या 194/22 धारा 363 आईपीसी पंजीकृत है आप सभी से अनुरोध है इस बच्चे के बारे में किसी प्रकार की कोई सूचना मिलती है तो निम्न फोन नंबर पर सूचित करें जानकारी देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा । स्थाई पता, शिवनगर अड्डा जालिम मैनपुरी फाटक इटावा निवेदन करता संजय बाथम मोबाइल नंबर- 09917786543 , 9454403272

## इटावा-की बेटी का भारतीय वायुसेना की एलीट फ्लाइट टेस्ट इंजिनियर ग्रुप में चयन. देश में केवल तीन लड़कियों का चयन हुआ है.



स्क्वाड्रन लीडर भूमिका पालीवाल (पुत्री उदय पालीवाल व सुधा पालीवाल), निवासी अशोक नगर का एलीट फोर्स में चयन होना पूरे जनपद के लिए एक गर्व का विषय है. सुधा पालीवाल अशोक नगर के चौहान कलोनी के पास स्थित कृष्णा जूनियर हाई स्कूल की पूर्व प्रिंसीपल रह चुकी हैं. उनको वायुसेना के चीफ एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की तरफ से सेना में कमीशंड होने पर सम्मानित किया गया.

Scanned with CamScanner

# इटावा

## सेंट मैरी इंटर कॉलेज की छात्रा खुशी वाजपेई ने जनपद में पाया तीसरा स्थान



सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है जिसमें जनपद इटावा से तमाम विद्यार्थियों ने अच्छे अंको को प्राप्त करके अपनी सफलता का लोहा मनवाया है इसी क्रम में सेंट मैरी इंटर कॉलेज की छात्रा खुशी वाजपेई ने जनपद में तीसरा स्थान पाया है खुशी बाजपेई ने 500 नंबर के पूर्णांक में 482 अंक पाए हैं इसमें उन्होंने अकाउंटेंसी विषय में 100 में से 100 नंबर पाये हैं तथा बिजनेस स्टडीज में 99 नंबर प्राप्त किए तथा गणित में 97 नंबर प्राप्त हुए हैं खुशी बाजपेई ने हाई स्कूल की परीक्षा में भी सर्वाधिक नंबर प्राप्त किए थे जनपद में तीसरे स्थान पर आई थी।खुशी बाजपेई के पिताजी आशीष बाजपेई विकास भवन में पिछड़ा वर्ग विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्त हैं तथा माता उपासना बाजपेई प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर नियुक्त हैं खुशी बाजपेई हमेशा अपनी पढ़ाई को तवज्जो देती हैं खुशी वाजपेई अपने भविष्य में सिविल सर्विसेस की तैयारी कर आईएएस बनना चाहती हैं। उनका कहना है मैं अपनी पूरी लगन से आगे भी पढ़ाई करती रहूंगी और मुझे अपने मुकाम पर पहुंचना है अब आगे की पढ़ाई जनपद के बाहर करना चाहती हैं सेंट मैरी इंटर कॉलेज में उन्हें अच्छी शिक्षा मिली इसके लिए पूरे विद्यालय को धन्यवाद देती हूँ सभी अध्यापकों ने अच्छी शिक्षा दी। खुशी बाजपेई को उनके घर पर वृंदावन कॉलोनी एआरटीओ ऑफिस के पास तमाम रिश्तेदारों द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी जा रही हैं। खुशी बाजपेई के बाबा राम कुमार बाजपेई दादी सुभद्रा बाजपेई व चाचा विवेक बाजपेई अजय बाजपेई समेत जनपद के तमा म लोगों ने उन्हें बधाई दी शुभकामनाएं दी।

## गंगादास गौतम थाना प्रभारी ऊसराहार ने गरीब असहाय लोगों की आर्थिक सहायता की



थाना क्षेत्र ऊसराहार के अंतर्गत तेजतर्रार थाना प्रभारी ऊसराहार गंगादास गौतम ने



श्रावण मास पावन पर्व के दृष्टिगत गरीब असहाय लोगों की आर्थिक सहायता की व मिठाइयां बांटी वहीं इटावा पुलिस की मानवीय पहल, ऊसराहार थाना प्रभारी गंगादास गौतम द्वारा श्रावण मास के पावन पर्व के दृष्टिगत असहाय परिवार की आर्थिक सहायता कर मिठाइयां व खाद सामग्री भी भेंट की गयी । थाना प्रभारी ऊसराहार गंगादास गौतम का एक मानवीय चेहरा देखने को मिला। वहीं असहाय परिवार ने सहायता पाकर इटावा पुलिस ऊसराहार थाना अध्यक्ष का धन्यवाद व्यक्त किया ।

## आम आदमी पार्टी ने महंगाई के विरोध में जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन



इटावा आम आदमी पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में बेतहाशा बढ़ रही महंगाई के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज यादव ने पार्टी के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा ब्रज प्रांत के सचिव एवं जिला प्रभारी इटावा राम बाबू सिंघानिया के प्रथम बार जनपद आगमन पर आम आदमी पार्टी जिला मुख्यालय पर जोरदार स्वागत किया।संजय सिंह प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय इटावा पर ब्रज प्रांत सचिव रामबाबू सिंघानिया के नेतृत्व में बढ़ती हुई बेहताशा महंगाई के विरोध में धरना प्रदर्शन किया एवं प्रधानमंत्री को प्रेषित जिलाधिकारी प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रदर्शन में पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव शाक्य, पूर्व जिला मैनपुरी प्रभारी डॉ सीपी शाक्य,राजेन्द्र सिंह राजपूत, सतीश दीक्षित, इकरार अहमद, बृजेंद्र जैन, रिचा कुशवाहा,राम कुमार राजपूत, विकास यादव, हेमलता, जेके पाल, रवि यादव, राकेश यादव, वीरेंद्र यादव, शिशुपाल सिंह ,राकेश बाबू , कैलाश चंद्र, गौरव यादव, विष्णु राठौर, रामबहादुर, योगेश कुमार, प्रकाश राठौड़ आकाश राठौर बोल सिंह रूबल सिंह सिंह शिरोमणि इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## इटावा रेलवे स्टेशन पर शताब्दी में चढ़ते समय युवक का पैर फिसला ट्रेन के नीचे आने से हुई मौत

दोस्त को बचाने के प्रयास में एक युवक घायल होगया है। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर चीख-पुकार की आवाज सुनकर यात्रियों ने शताब्दी की चैन पुलिंग कर दी। वहीं आरपीएफ ने शव की शिनाख्त करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 3 पर बुधवार को दिल्ली से लखनऊ की तरफ जा रही शताब्दी एक्सप्रेस के नीचे आने से दर्दनाक मौत होगयी। करीब 18 वर्ष शिवम पुत्र स्वर्गीय अनूप कुमार निवासी अहिलादपुर गढ़िया थाना करहल जिला मैनपुरी अपने दोस्त के साथ लखनऊ की तरफ जा रहे थे। शताब्दी एक्सप्रेस के पास खड़े होकर बात कर रहे थे, तब तक शताब्दी का होरन बज गया फिर अपने दोस्त के साथ शताब्दी में चढ़ने लगे तब तक युवक का पैर फिसल गया और जिससे एक हाथ छूट गया। इसको देखते हुए साथी दोस्त चीखने लगा जिसपर यात्रियों ने शताब्दी की चैन पुलिंग करदी। और शताब्दी ट्रेन को रोका गया तब तक दोस्त युवक को बचाने में घायल हो गया।इस घटना को देखने के लिए तमाम यात्रियों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी पर आरपीएफ व जीआरपी थाने से पुलिस भी मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी और करीब 10 मिनट बाद शताब्दी भी लखनऊ की तरफ रवाना हुई है। वही घायल युवक को आरपीएफ ने जिलाअस्पताल में भर्ती करवाया जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

## इटावा जिला अस्पताल के मरीजों व झोपड़पट्टी में रह रहे असहाय लोगों और उनके बच्चों को बांटे फल,



थाना सिविल लाइन की प्रभारी मोहम्मद कामिल ने अपने हमराहीओं के साथ जिला अस्पताल में भत मरीजों को किए फल वितरित, प्रभारी सिविल लाइंस मोहम्मद कामिल ने जगह जगह पर रह रहे झोपड़पट्टी में गरीब असहाय लोगों व उनके बच्चों को भी किए फल वितरित, गरीब असहाय निर्वस्त्र बच्चों को देखकर मोहम्मद कामिल ने उन बच्चों को कपड़े दिलाने का दिया आश्वासन,

# फिरोजाबाद

## थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण सोनू व पदम सिंह को किया गया गिरफ्तार।



सराहनीय कार्य दिनांक 29-07-2022 थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा जनपद में चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन व चौकिंग अभियान, तलास वांछित / वारंटी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के पर्यवेक्षण में थाना मक्खनपुर पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्तगण 1. सोनू पुत्र सत्यप्रकाश यादव निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्बंधित एसटी नं0- 56/15 व मुकदमा अपराध संख्या 205/14 मा0 न्यायायलय ए0डी0जे0 स्पेशल जज फिरोजाबाद व अभियुक्त 2. पदम सिंह पुत्र जयवीर उर्फ जनवीर सिंह निवासी ग्राम बिल्टीगढ देवजीत थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद सम्बंधित एसटी नं0 380/14 धारा 323/504 भादवि मा0 न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) एफटीसी द्वितीय फिरोजाबाद मे, पुलिस टीम द्वारा अलग अलग उनके मसकनो से गिरफ्तार किया गया, दौराने गिरफ्तारी सर्वोच्च न्यायालय तथा मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का अक्षरश: पालन करते कराते हुए थाना लाकर दाखिल कराया। अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया जायेगा

'नाम पता गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण –

1. सोनू पुत्र सत्यप्रकाश यादव निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

2. पदम सिंह पुत्र जयवीर उर्फ जनवीर सिंह निवासी ग्राम बिल्टीगढ देवजीत थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-

1. थानाध्यक्ष महेश सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

2. उप निरीक्षक श्री अनिल कुमार थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

3. उप निरीक्षक श्री चन्द्रपाल सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

4. महिला उपनरीक्षक भावना चौधरी थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

5. हेड कांस्टेबल 02 सहदेव सिंह थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

6. कान्स्टेबल 1122 गौरव चौधरी थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद।

## थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा दौराने गश्त चौकिंग में 03 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।



कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाईकिल, 01 स्कूटी, 01 चोरी का मोबाईल व 02अदद तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद आगरा मा0 न्यायालय में पेशी के दौरान फरार अभियुक्त विनय श्रोतिया के साथी पिन्टा व राहुल को घटना के पश्चात अभियुक्त अभिषेक यादव उपरोक्त द्वारा अपने खेत पर दी गयी थी शरण। अभिषेक व अंशुल पूर्व में भी थाना रामगढ व थाना नारखी से लूट के मुकदमें में जा चुके है जेल। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चौकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व तलाश वांछित अपराधीगण के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक देहात एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद व प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28.07.2022 को थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा दौराने गस्त व चौकिंग में अभियुक्तो की धरपकड के अभियान में भूडा नहर पुल से सुभाष तिराहा की ओर थाना शिकोहाबाद क्षेत्र से 03 नफर अभियुक्तगण 01- अभिषेक यादव पुत्र ब्रिजेश नि0 नगला अमान थाना नारखी जिला फिरोजाबाद, 02. अंशुल शर्मा पुत्र हरिबाबू शर्मा नि0 जरिया थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद, 03.अमन उर्फ करन नट पुत्र ग्रीश चन्द्र नि0 नगला अमान थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाईकिल, 01 स्कूटी, 01 चोरी का मोबाईल व 02 अदद तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए है बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0सं0 544/22 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411/414/420 भादवि बनाम अभिषेक यादव आदि 03 नफर उपरोक्त व कामयी मु0अ0सं0 545/22 धारा 3/25 ए एक्ट बनाम अभिषेक यादव उपरोक्त व मु0अ0सं0 546/22 धारा 3/25 ए एक्ट बनाम अंशुल शर्मा उपरोक्त व मु0अ0सं0 547/22 धारा 3/25 ए एक्ट बनाम अमन उर्फ करन नट उपरोक्त पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल से मोबाइल लूट करने वाले अभियुक्तों को चोरी के 05 मोबाइल व 01 मोटर साइकिल सहित किया गिरफ्तार।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा मोबाइल चोरी व छिनैती पर अंकुश लगाने व मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर, फिरोजाबाद के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के सफल पर्यवेक्षण में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चौकिंग संदिग्ध वाहन / व्यक्ति के दौरान थाना उत्तर पर पंजीकृत अभियोग मुकदमा अपराध संख्या 551/22 धारा 392 भादवि मे प्रकाश मे आये अभियुक्तगण 1. पेटसफा उर्फ योगेश 2. पंकज को चोरी के 05 मोबाइल व 01 मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना उत्तर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## गैंगस्टर एक्ट के मुकदमें में वांछित एक अभियुक्त नीरज को अवैध असलाह व कारतूस बरामदगी सहित किया गिरफ्तार।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चौकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व तलाश वांछित अपराधीगण के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक देहात एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद व प्रभारी निरीक्षक शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.07.2022 को थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा दौराने गस्त व चौकिंग में अभियुक्तो की धरपकड के अभियान में मुखबिर खास की सूचना पर मुस्तफाबाद रोड पुरातन तिराहा थाना शिकोहाबाद क्षेत्र से गैंगस्टर के मुकदमें में वांछित अभियुक्त नीरज पुत्र रामपाल नि नगला किला थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद को किया गिरफ्तार। कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर हुआ बरामद। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 538/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

इटावा एक्सप्रेस

**शीघ्र आवश्यकता है।**

उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में निष्पक्ष निर्णय एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में अनुभवी युवक एवं युवतियों की जिला ब्यूरो, तहसील व ब्लॉक संवाददाता, विज्ञापन एजेंसी।

**संपादक राजीव कुमार**

**मोबाइल नंबर:**

92192 40048

**पता:**

**NH19 प्रीत विहार निकट मानिकपुर मोड, इटावा उत्तर प्रदेश**

ईमेल आईडी

etawahexpress24@gmail-com

वेबसाइट

www.etawahexpress.com

Scanned with CamScanner

## इटावा में कांग्रेस का महंगाई और अपने नेताओं की एजेंसीयों द्वारा जाँच को लेकर किया विरोध प्रदर्शन





कांग्रेस नेताओं ने शास्त्री चौराहे पर किया विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेताओं ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन कांग्रेस नेताओं ने ईडी और केंद्र सरकार का पुतला जलाया पुतला जलाने को लेकर कांग्रेस नेताओं की पुलिस प्रशासन से हुई नोकझोंक मलखान सिंह ने कहा कि ईडी के जरिये हमारे नेताओं को परेशान किया जा रहा केंद्र सरकार कांग्रेस पार्टी की आवाज़ दबाना चाहती है जनता की समस्याओं के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आवाज़ उठा रही है इसलिए सरकार आवाज़ दवा रही है कांग्रेस पार्टी अंग्रेजो की हुकूमत से नहीं डरी तो इस सरकार से कैसे डरेगी दूध, दही हर जगह जीएसटी लगा रहे हैं और खुद प्रचार के लिए करोड़ो उड़ा रहे हैं सरकार ने युवाओं को सडक पर खड़ा कर दिया है।

## चकरनगर - सराफा दुकान पर हुई चोरी की घटना का खुलासा किए जाने की व्यापार मंडल ने की मांग




अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार नगर अध्यक्ष सुदर्शन जैन ने चकरनगर सुरेश चंद जैन दिनेश चंद जैन जैन ज्वेलर्स के यहां लगभग एक करोड़ की चोरी की गई जिसको लेकर व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंचे जिला प्रशासन से शीघ्र चोरी की घटना का खुलासा किए जाने की मांग जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार जैन ने कहा चोरी की घटना का शीघ्र खुलासा किया जाए अन्यथा व्यापार मंडल प्रशासन का घेराव करके विरोध प्रदर्शन करेगा मांग करने वालों में जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाह युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह बकेवर अध्यक्ष शमीम अहमद बकेवर युवा अध्यक्ष गौरव शर्मा शीलू नगर अध्यक्ष सुदर्शन जैन महामंत्री उपदेश मिश्रा लल्लू वारसी इकरार अहमद चौहान गणेश प्रसाद अग्रवाल संतोष कुमार वर्मा डॉक्टर संतोष राठौर आलोक गुप्ता पंकज कुशवाहा रंजीत सिंह यादव आदि व्यापारी नेताओं ने मांग की।

## इटावा जिले के लखना कस्बे में लाखों की चोरी

चोरों ने रात में घटना को दिया अंजाम



अज्ञात चोरों ने रात में घर में घुसकर चोरी को दिया अंजाम परिवार को नहीं लगी चोरी की भनक चोरों ने ज़रूरी कागजात समेत कई अन्य सामान किया चोरी चोरी की घटना की जानकारी परिवार को सुबह हुईउ एक कमरे के अंदर बक्से में रखा था सारा सामान पुलिस को बक्से से कुछ चांदी और सोने के आभूषण हुए बरामद पीड़ित ने बरामद हुआ सामान बेटी का बताया घर की मालकिन ने एफडी के साथ सोने चांदी के जेवरात के चोरी होने की कही बात घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर की छानबीन पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुट गयी।

## इटावा जिले को मिलेगा चम्बल एक्सप्रेस वे का तोहफा





कोटा से निकलकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जुड़ेगा चम्बल एक्सप्रेस वे सांसद रामशंकर कठेरिया ने दी जानकारी चम्बल के पिछड़े इलाके का होगा विकास 8800 करोड़ की लागत के लगभग 412 किलोमीटर लम्बे चम्बल एक्सप्रेस वे का इसी साल नवंबर से शुरू होगा निर्माण कार्य कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के लिए की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर सांसद ने कहा अधीर रंजन चौधरी ने देश की आदिवासी महिलाओं और महामहिम राष्ट्रपति का अपमान किया है अधीर रंजन चौधरी को देश से माफ़ी मांगनी चाहिए।

## बरसात के बाद फिर भरा मैनपुरी अंडरब्रिज में पानी



एक कार मैनपुरी अंडरब्रिज में भरे पानी में जा फंसी कार का इंजन हुआ सीज जानकारी मिलने के बाद नगरपालिका की टीम मौके पर पहुंची अंडर ब्रिज में फसी कार को जेसीबी द्वारा बाहर निकलवाया गया मैनपुरी अंडर ब्रिज में इस समय कम से कम 5 फुट पानी भरा हुआ है। मैनपुरी अंडर ब्रिज पर दोनों ओर लगाई गई बैरीकैटिंग

## उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंकर्स को इटावा जिला अधिकारी द्वारा मिला सम्मान



उत्कृष्ट कार्य के लिए शिवेन्द्र सिंह चौहान को डी एम इटावा ने किया ने किया सम्मानित शाखा प्रबंधाकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित हुई इटावा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में जनपद स्तरीय सुख में वित्त एवं वित्तीय समावेशन अंतर्गत समस्त शाखा प्रबंधाकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। जिलाधिकारी अवनीश राय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर उपस्थित समस्त बैंकर्स को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समूह हमारी छोटी-छोटी संस्थाएं हैं। जो सतत विकास हेतु बैंक की ओर देखती है।ऐसे में बैंकर्स को मानवीय संवेदनशीलता के साथ आगे आना चाहिए ताकि समूह का समग्र विकास हो सके शाखा प्रबंधक साहब सिंह एसबीआई चकरनगर,शिवेन्द्र सिंह चौहान,एसबीआई बढ़पुरा, बड़ौदा यूपी बैंक के सर्वेश कुमार कुम्हावर व महेश चन्द्र चतुर्वेदी मलाजनी,अभिषेक सिंह माथुर बैंक ऑफ इंडिया सेंटमैरी,संजय कुमार निरंजन बैंक ऑफ बड़ौदा सैफई को सम्मानित किया गया।

**विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें**
शुभकामना संदेश
शिक्षा ,दुकान फार्म, चिकित्सा
खानपान संबंधी खोया पाया
अन्य सभी प्रकार के विज्ञापन
हेतु संपर्क करें।
**संपादक राजीव कुमार**
**92192 40048**

Scanned with CamScanner

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता के उद्देश्य से नगर पालिका के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



औरैया 29 जुलाई 2022 जिलाधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने शासन की मंशानुरूप 11 अगस्त से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम की सफलता एवं आमजन में राष्ट्रीय भावना जागृत करने के उद्देश्य से देशभक्ति के गीतों को लाउडस्पीकर के माध्यम से बजाते हुए नगर पालिका के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से आमजन में राष्ट्रीय भावना जागृत होगी और आने वाली पीढ़ी को भी आजादी के इतिहास और उसके महत्व को जानने का अवसर मिलेगा।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जयवीर सिंह उर्फ हैप्पी ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया



इटावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने शक्ति धाम वाटिका में आयोजित एक बैठक में जयवीर सिंह उर्फ हैप्पी ठाकुर को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने बताया कि हैप्पी ठाकुर ने काफी समय से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की सदस्यता ग्रहण कर रखी थीऔर वह निरंतर व्यापारियों की सेवा कर रहे हैआज उन्हें जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर ए के शर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी के वर्मा गोरखनाथ वर्मा,अतुल त्रिपाठी महिला जिलाध्यक्ष गुड्डी बाजपेई जिला उपाध्यक्ष आकाशदीप नगर उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे नगर उपाध्यक्ष बच्चु मिश्रा नगर महामंत्री रमेश यादव नगर संगठन मंत्री सरदार मोहन सिंह महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा पंकज सोनी विवेक भदौरियाआदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

## आओ हम सब एक नया दीप जलाये

अपने इस प्यारे देश को गौरवान्वित कराये
जन जन में स्वच्छता की अलख जगाये
चारों ओर स्वच्छता पूर्ण वातावरण बनाये
आओ हम सब एक नया दीप जलाये
वर्षा जल को भूमि के अंदर पहुंचाए
जल की एक एक बूँद बचाये
जल में अवशिष्ट पदार्थों को नहीं मिलाये
जल जीवों को शुद्ध वातावरण दिलवाये
आओ हम सब एक नया दीप जलाये
लोगों में अपना पन फिर से लाये
अधिक दिखावटी जीवन को दूर भगाये
वास्तविक जीवन शैली को अपनाये
हर मानव में मानवता लाये
आओ हम सब एक नया दीप जलाये
नारी को उचित सम्मान दिलाये
बहन, बहु, बेटी की लाज बचाये
माँ की ममता को नहीं भुलाये
आओ हम सब एक नया दीप जलाये
हर घर में सारी खुशियाँ लाये
आओ हम सब एक नया दीप जलाये
आओ हम सब एक नया दीप जलाये

## 'आयुर्वेदिक दोहे'

1.दही मथें माखन मिले, केसर संग मिलाय, होठों पर लेपित करें, रंग गुलाबी आय.

2.बहती यदि जो नाक हो, बहुत बुरा हो हाल,यूकेलिप्टिस तेल लें, सूंघें डाल रुमाल.

3.अजवाइन को पीसिये , गाढ़ा लेप लगाय, चर्म रोग सब दूर हो, तन कंचन बन जाय.

4.अजवाइन को पीस लें , नीबू संग मिलाय, फोड़ा-फुंसी दूर हों, सभी बला टल जाय.

5.अजवाइन-गुड़ खाइए, तभी बने कुछ काम, पित्त रोग में लाभ हो, पायेंगे आराम.

6.ठण्ड लगे जब आपको, सर्दी से बेहाल, नीबू मधु के साथ में, अदरक पियें उबाल.

7.अदरक का रस लीजिए. मधु लेवें समभाग, नियमित सेवन जब करें, सर्दी जाए भाग.

8.रोटी मक्के की भली, खा लें यदि भरपूर, बेहतर लीवर आपका, टी.बी भी हो दूर.

9.गाजर रस संग आँवला, बीस और चालिस ग्राम, रक्तचाप हिरदय सही, पायें सब आराम.

10.शहद आंवला जूस हो, मिश्री सब दस ग्राम, बीस ग्राम घी साथ में, यौवन स्थिर काम.

11.चिंतित होता क्यों भला, देख बुढ़ापा रोय, चौलाई पालक भली, यौवन स्थिर होय.

12.लाल टमाटर लीजिए, खीरा सहित सनेह, जूस करेला साथ हो, दूर रहे मधुमेह.

13.प्रात: संध्या पीजिए, खाली पेट सनेह, जामुन-गुठली पीसिये, नहीं रहे मधुमेह.

14.सात पत्र लें नीम के, खाली पेट चबाय, दूर करे मधुमेह को, सब कुछ मन को भाय.

15.सात फूल ले लीजिए, सुन्दर सदाबहार, दूर करे मधुमेह को, जीवन में हो प्यार.

16.तुलसीदल दस लीजिए, उठकर प्रात:काल,सेहत सुधरे आपकी, तन-मन मालामाल.

17.थोड़ा सा गुड़ लीजिए, दूर रहें सब रोग, अधिक कभी मत खाइए, चाहे मोहनभोग.

18.अजवाइन और हींग लें, लहसुन तेल पकाय, मालिश जोड़ों की करें, दर्द दूर हो जाय.

19.ऐलोवेरा-आँवला, करे खून में वृद्धि, उदर व्याधियाँ दूर हों,जीवन में हो सिद्धि.

20.दस्त अगर आने लगें, चिंतित दीखे माथ, दालचीनि का पाउडर, लें पानी के साथ.

21.मुँह में बदबू हो अगर, दालचीनि मुख डाल,बने सुगन्धित मुख, महक, दूर होय तत्काल.

22.कंचन काया को कभी, पित्त अगर दे कष्ट,घृतकुमारि संग आँवला, करे उसे भी नष्ट.

23.बीस मिली रस आँवला, पांच ग्राम मधु संग, सुबह शाम में चाटिये, बढ़े ज्योति सब दंग.

24.बीस मिली रस आँवला, हल्दी हो एक ग्राम,सर्दी कफ तकलीफ में, फ़ौरन हो आराम.

25.नीबू बेसन जल शहद, मिश्रित लेप लगाय,चेहरा सुन्दर तब बने, बेहतर यही उपाय.

26..मधु का सेवन जो करे, सुख पावेगा सोय,कंठ सुरीला साथ में, वाणी मधुरिम होय.

27. पीता थोड़ी छाछ जो, भोजन करके रोज,नहीं जरूरत वैद्य की, चेहरे पर हो ओज.

28. ठण्ड अगर लग जाय जो नहीं बने कुछ काम,नियमित पी लें गुनगुना, पानी दे आराम.

29. कफ से पीड़ित हो अगर, खाँसी बहुत सताय, अजवाइन की भाप लें, कफ तब बाहर आय.

30. अजवाइन लें छाछ संग, मात्रा पाँच गिराम, कीट पेट के नष्ट हों, जल्दी हो आराम.

31. छाछ हींग सेंधा नमक, दूर करे सब रोग, जीरा उसमें डालकर, पियें सदा यह भोग




प्रवेश प्रारम्भ

पी.डी.पी. योगा संस्थान

प्रीतबिहार मानिकपुर मोड,इटावा

NCT नई दिल्ली एंड मानव संसाधन एंड योगा सर्टिफिकेशन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त है संस्था के द्वारा डिप्लोमा इन योगा टीचर, पीजी डिप्लोमा इन योगा टीचर , कंप्यूटर डिप्लोमा, नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग, फैशन डिजाइनिंग, सोलर टेक्निशियन , पीजीसीए, एडीसीए, डीसीए , ब्यूटीशियन ,सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते है

संपर्क करें 9548092622


Scanned with CamScanner

# विविध

## स्वयं सहायता समूह योजना के क्रियान्वयन में बैंको की अहम भूमिका– डीएम कौशांबी

उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबन्धकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में बुधवार को जनपद स्तरीय सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत आयोजित समस्त शाखा प्रबन्धकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का उद्देश्य जमीनी स्तर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर दस महिलाओं को लेकर समूह का गठन किया जाता है, यह समूह पांच सूत्रीय कार्यक्रम का अनुपालन करते हुए कार्य करती हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूह योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने समस्त शाखा प्रबन्धकों से अपेक्षा की कि स्वयं सहायता समूह का खाता खोलने एवं सी0सी0एल0 आदि के कार्यों में सकारात्मक रूप अपनाते हुए सहयोग किया जाय। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह से सम्बन्धित आवेदनों को लम्बित न रखा जाय तथा स्वीकृत ऋण आवेदनों पर तत्काल वितरण की कार्यवाही किया जाय। उन्होंने डीएमएम एवं बीएमएम को बैंको के साथ समन्वय में रहकर स्वयं सहायता समूह के कार्यो को निष्पादित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वयं सहायता समूह का खाता खोलने एवं सी0सी0एल0 के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले यथा–शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ बड़ौदा कनैली श्री अनुभव यादव, शाखा प्रबन्धक बड़ौदा यूपी बैंक कल्याणपुर श्री सतीराम भारती, शाखा प्रबन्धक बड़ौदा यूपी बैंक रामपुर धामावां श्री राहुल सिंह, शाखा प्रबन्धक बड़ौदा यूपी बैंक म्यौहर संजय सिंह तथा शाखा प्रबन्धक बड़ौदा यूपी बैंक बारा विनोद कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ 0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी श्री विजय कुमार एवं एसडीएम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं समस्त शाखा प्रबनधक उपस्थित रहें।

## ट्रक चालक ने एआरटीओ कार्यालय के दो कर्मचारियों को रौदा हुई मौत



सुल्तानपुर: उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले में मंगलवार तड़के जांच के लिए रोके जाने पर एक डीसीएम ट्रक चालक ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय के दो कर्मचारियों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। एआरटीओ राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि वह तड़के लगभग चार बजे अपने सहयोगियों के साथ सुलतानपुर–कादीपुर मार्ग पर जिले के गोसाईगंज क्षेत्र में वाहनों की जांच के लिए निकले थे। वह माधवपुर छतौना गांव के पास वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान जब कादीपुर की तरफ जा रहे एक डीसीएम ट्रक को रुकने का इशारा किया गया तो चालक ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी और एआरटीओ कार्यालय में संविदा पर तैनात वाहन चालक अब्दुल मोबीन (52) और सिपाही अरुण सिंह (50) को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वर्मा ने बताया कि इसके बाद ट्रक चालक ने सड़क के किनारे खड़ी उनकी गाड़ी को भी टक्कर मारी लेकिन वह बाल–बाल बच गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी कृष्णकांत सरोज ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रक चालक की तलाश जारी है।

## मुस्लिम युवाओं ने कंधे पर उठाई कावड़, हिन्दू–मुस्लिम एकता का दिया संदेश

इटावा शहर के किनारे से बहने वाली मां यमुना नदी के तट से मुस्लिम युवाओं ने भगवान भोलेनाथ की कावड़ में मां यमुना नदी का जल भरकर शहर के स्थापित प्राचीन नीलकंठ मंदिर विराजमान भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर मां यमुना का जल शिवलिंग पर समर्पित किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के नेतृत्व में सांप्रदायिक सद्भावना को जागृत करने के उद्देश्य मुस्लिम समुदाय के करीबन 50 से अधिक युवाओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाए और कावड़ कंधे पर रख मां यमुना नदी के तट से लेकर प्राचीन सिद्धपीठ नीलकंठ मंदिर में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। अनवर राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की सुबह हम सभी मुस्लिम भाइयों ने एकजुट होकर भगवान भोलेनाथ को समर्पित कावड़ में यमुना नदी का जल भरकर, भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए कावड़ इटावा के नीलकंड मंदिर में चढ़ाई और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अफजल रजा ने कावड़ चढ़ाने के बाद कहा कि कावड़ चढ़ाने के बाद एक अलग ही सुकून और शरीर में बढ़ती ऊर्जा प्रतीत हो रही है, उन्होंने कहा कि हम सभी हिंदू मुस्लिम भाई एकजुट होकर एक दूसरे के त्यौहार में मिलकर मनाएंगे और एक दूसरे का सहयोग करेंगे। आज हमारे भारत को कुछ लोग खंडित भारत बनाने में लगे हुए, हम ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देंगे और इसे फिर से अखंड भारत में बदलने का प्रयास करेंगे, जिसमें भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद और भारत माता का आंचल हमारे ऊपर बना रहे।

## पहली बरसात की शुरुआत में ढह गया बुंदेलखंड एक्सप्रेस– वे बोले अखिलेश यादव

बुंदेलखंड का निरीक्षण करने पहुंचे अखिलेश यादव एक्सप्रेस वे पर चल रहे राहगीरो को अगर सूसू आ जाए तो वह कहां जाएंगे इटावा



जनपद से निकलने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का सोमवार की शाम 5 बजे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के ऊपर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जल्दबाजी में तैयार किए गए बुंदेलखंड एक्सप्रेस–वे की दशा तो सब देख ही रहे। पहली ही बरसात के कारण बुंदेलखंड एक्सप्रेस जगह–जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है वहीं अभी तक इस एक्सप्रेस वे पर चलने वाले राहगीरों के लिए कोई भी सुविधाजनक कार्य नहीं किए गए हैं।अगर किसी राहगीर को टॉयलेट आ जाए तो वह कहां जाएंगे।यह सारी बातें करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि एक्सप्रेस वे को तो चालू कर दिया गया लेकिन धरातल पर अभी कोई भी सुविधा और ना ही पेट्रोल पंप इस एक्सप्रेस–वे पर लगाए गए। क्या इस 296 किलोमीटर लंबी एक्सप्रेस वे पर वाहनों को पेटोल डलवाने के लिए क्या नीचे शहरों से ... या ... श






Scanned with CamScanner

## पान कुँवर इंटरनेशनल स्कूल में मिसाइल मैन डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।



इस अवसर पर प्रबंधक कैलाश चंद यादव एवं अध्यापकों ने डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि की एवं इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस गोष्ठी में बोलते हुए डॉ0 कैलाश चंद यादव ने बताया कि देश के 11वें राष्ट्रपति रहे और महान वैज्ञानिक डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम ने 27 जुलाई 2015 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उसके बाद से 27 जुलाई को हर साल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के दिन उन्हें याद किया जाता है। मिसाइल मैन के नाम से दुनियाभर में मशहूर डॉ0 कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम में हुआ था। डॉ. कलाम बचपन में एक पायलट बनना चाहते थे। हालांकि बाद में उन्होंने वैज्ञानिक बनने की ठानी। डॉ0 कलाम एक ऐसे वैज्ञानिक बनकर सामने आए, जो पूरी दुनिया में मशहूर हुए। वह जितने ज्ञानी थे, उतने ही विनम्र थे। अपने काम और व्यवहार की बदौलत डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।

## फ़िरोज़ाबाद पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे एंटी रोमियो के अंतर्गत किया गया जागरूक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और शासन के निर्देशानुसार शहर में एक अभियान चलाया जा रहा है जिसके (अभियान) के अन्तर्गत जनपद की एन्टी रोमियो टीमों द्वारा बाजारों, ग्राम/मौहल्लों, सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सशक्तीकरण व साइबर हेल्पलाइन के बारे में विस्तारपूर्वक किया जा रहा है जागरूक किया जा रहा है इसमें महिला पुलिस कॉस्टेबलों के द्वारा शहर के विभिन्न कॉलेजों और शहर में छात्राओं और महिलाओं को भी जागरूक किया जा रहा है छात्राओं को बताया जा रहा है कि यदि कोई मनचला आपको परेशान कर रहा है तो जब तक आप अपनी प्रारंभिक सुरक्षा फिर उसके बाद महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर सम्पर्क करके शिकायत कर सकते हैं जिससे मनचलो को सबक सिखाया जाए।

Can you find 10 differences between the two pictures?





## Important formulas:

- $(a+b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$
- $(a-b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$
- $(a+b)^2 + (a-b)^2 = 2(a^2 + b^2)$
- $(a+b)^2 - (a-b)^2 = 4ab$
- $(a+b)^3 = a^3 + b^3 + 3ab(a+b)$
- $(a-b)^3 = a^3 - b^3 - 3ab(a-b)$
- $(a^2 - b^2) = (a+b)(a-b)$
- $(a^3 + b^3) = (a+b)(a^2 - ab + b^2)$
- $(a^3 - b^3) = (a-b)(a^2 + b^2 + ab)$
- $(a+b+c)^2 = a^2 + b^2 + c^2 + 2(ab + bc + ca)$
- $(a-b-c)^2 = a^2 + b^2 + c^2 - 2(ab + ac - bc)$
- $(a+b+c)^3 = a^3 + b^3 + c^3 + 3(a+b)(b+c)(c+a)$
- $(a^3 + b^3 + c^3 - 3abc) = (a+b+c)(a^2+b^2+c^2 - ab - bc - ca)$
- If $a + b + c = 0$ then, $a^3 + b^3 + c^3 = 3abc$

AICVPS AI Code: AI4766
All India Council For Vocational & Paramedical Science
Jeevak Paramedical Institute
Our Courses
Nursing Assistant, Health & Sanitary Insp., D.M.L.T., B.M.L.T.
B.P.T., D.O.T.T., C.M.S. & E.D., Medical Record Keeper,
Community Health Worker, Pathologist, Blood Bank Tech.
Pharmacy Assistant , Yoga Courses, N.T.T. Etc.

हैड ऑफिस : वीणा वादिनी स्कूल के पास, गाँधी नगर, इटावा
ब्रान्च ऑफिस : माँ गौरैया हास्पीटल, फर्रूखाबाद रोड, बसरेहर, इटावा
ब्रान्च ऑफिस : बिजपुरी खेड़ा, सैफई रोड, इटावा
ब्रान्च ऑफिस : जीवक हॉस्पीटल, आई.टी.आई. चौराहा, जसवन्तनगर रोड, इटावा
Ms. Priyanka Tiwari (Director) Mob. 8439390876, 9410481768

सम्पादक - राजीव कुमार संपर्क सूत्र-9219240048 अखबार में प्रकाशित समस्त रचनाओं के विचार व दायित्व लेखीय है संपादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। अखबार से संबन्धित सभी विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र इटावा (उ.प्र.) रहेगा। स्वात्तधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक–राजीव कुमार के लिए शिवम् ऑफसेट, अशोक नगर, भर्थना रोड, इटावा उ.प्र. से छपकर इटावा एक्सप्रेस सप्ताहिक इटावा से प्रकाशित। Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

Scanned with CamScanner